साइबर सुरक्षा की ट्रेनिंग कस्बे के चरखारी रोड स्थित सरस्वती बालिका मंदिर में दी गयी

राठ(हमीरपुर)। सामाजिक क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वरोजगार के क्षेत्र में काम करने वाली सामाजिक संस्था सृजन द्वारा क्विक हील फाउण्डेशन के सहयोग से साइबर सुरक्षा की ट्रेनिंग कस्बे के चरखारी रोड स्थित सरस्वती बालिका मंदिर में दी गयी। ये ई ट्रेनिंग बाराबंकी व समुहि में 100 बच्चों की ट्रेनिंग हुई व राठ में करीब दो सौ बच्चों ने ट्रेनिंग ली।

कार्यक्रम का शुभारंभ चौकी प्रभारी कोट बाजार सविता सरोज ने किया। इस दौरान क्विक हील फाउंडेशन की सीनियर एक्जीक्यूटिव सुगंधा दानी ने करीब तीन सैकड़ा से अधिक बच्चों को ई ट्रेनिंग दी। ट्रेनिंग सेशन क्विक हील के अजय शिरके व सृजन के निखिल श्रीवास्तव के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

ट्रेनिंग सेसन को संबोधित करते हुए सुगन्धा दानी ने बच्चों को समझाया कि कभी भी बिना जाने परखे सोशल मीडिया पर कोई लिंक न खोलें। साथ ही किसी भी अज्ञात सॉफ्टवेयर को भी कभी भी अपने सिस्टम में डाउनलोड न करें। कहा कि किसी भी सोशल मीडिया प्रोफ़ाइल पर अपनी सारी जानकारी साझा नहीं करें और न ही किसी भी सोशल मीडिया अकाउंट को पब्लिक रखें।

अगर आप प्रोफेशनल अकाउंट बनाते हैं तो उस पर निजी जानकारी व तस्वीरें साझा न करें। बताया कि जिस बैंक अकाउंट को नेट बैंकिंग से जोड़ें उस के ओटीपी और कार्ड के नम्बर को किसी से साझा न करें। इस दौरान बच्चों को सेफ इंटरनेट उपयोग की भी शपथ दिलाई। इस दौरान विद्यालय की प्रबन्धक श्रीमती सांकल प्रधानाचार्या प्रवेश तिवारी, संस्था के हेड विनय गुप्ता,शिवांक श्रीवास्तव,प्रशांत चौरसिया,हरिशरण मिश्र, राजनंदनी,पूजा अग्रवाल व साधना आदि मौजूद रहे।